फर्द अहकाम

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जमवारामगढ, जिला जयपुर

रामजीलाल वगै0 बनाम राजस्थान वगै0

संख्या : 55/2019

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
11.09.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गई तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली वास्ते आदेश हेतु दिनांक 12.09.2025 को पेश हों।	
12.09.2025	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। पत्रावली में विचाराधीन है। पत्रावली का अवलोकन किया गया तथा बहस का मनन किया गया। वकील प्रार्थी ने अपनी बहस में निवेदन किया कि हाल खसरा नम्बर 4 ग्राम गुर्जरो का बास बासना, पटवार हल्का बासना, तहसील जमवारामगढ, जिला जयपुर में स्थित है। जो राजस्व रिकार्ड में जमाबन्दी में राजकीय भूमि है। खसरा नम्बर 210 रकबा 14 बीघा 13 बिस्वा भूमि है। जिसमें से खसरा नम्बर 210/2 रकबा 3 बीघा भूमि स्कूल के खेल मैदान के लिये 99 वर्ष के लिये आंवटित लीज की गयी जिसके हाल खसरा नम्बर 142/4 रकबा 0.75है0 कायम किये गये जिसकी राजस्व नक्शें में तरमीम गलत प्रकार से प्रार्थीगण के पुख्ता मकानात व खाम बाडे मय विद्युत कनेक्शन बने हुये है की जगह कर दी गई जो गलत है। प्रार्थीगण के मकान ग्राम बासना व ग्राम गुर्जरो का बास बासना की सीमा पर बने हुये है जिनमें कुछ भाग ग्राम बासना में आता है तथा कुछ भाग ग्राम गुर्जरो का बास बासना में आते है जिनकी जगह ग्राम गुर्जरो का बास बासना के खसरा नम्बर 142/4 की तरमीम प्रार्थीगण के मकानों की जगह कर दी गई जिसे दुरूस्त किया जाना आवश्यक है। हाल राजस्व रिकार्ड में सरकारी भूमि खसरा नम्बर 4 में से राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुर्जरो का बास बासना के खेल मैदान हेतु खसरा नम्बर 4 मे से खसरा नम्बर 142/4 रकबा 0.75है कायम किया जाकर खेल मैदान हेतु लीज पर आंवटित की गयी है जिसकी नक्शें में तरमीम खसरा नम्बर 142/4 दर्ज कर दी गई है। जिसकी तरमीम नक्शें दर्ज है। खसरा नम्बर 4 के पूर्वी सीमा जो ग्राम बासना के काकड से लगती हुई है की जगह 1 बीघा भूमि पर प्रार्थीगण के पुख्ता मकानात, खाम बाडे मय लाईट कनेक्शन बने हुये है जो नजरी नक्शें में पीले रंग से दर्शाये गये है। अतः खसरा नम्बर 142/4 की तरमीम प्रार्थीगण के पुख्ता बने हुये मकानों व बाडों की जगह छोडकर तरमीम दुरूस्त करते हुये नये सिरे से खसरा नम्बर 142/4 की तरमीम कायम करने के आदेश दिया जावें। पैरोकार सरकार (तहसीलदार) ने अपनी रिपोर्ट में अवगत कराया कि ग्राम गुर्जरो का बास में खसरा नम्बर 4 रकबा 2.55है0 किस्म चरागाह दर्ज रिकार्ड है। जो राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में राजकीय भूमि है। खसरा नम्बर 142/4 रकबा 0.75है0 किस्म गै0मु0 स्कूल खेल मैदान राजकीय प्रा0 विद्यालय गुर्जरो का बास हेतु 99 वर्ष लीज पर हिस्स पूर्ण संस्था के लिए वर्तमान जमाबन्दी दर्ज रिकार्ड है। हाल खसरा नम्बर 4 साबिक खसरा नम्बर 210 में से खसरा नम्बर 142/4 रकबा 0.75है0 राज0 प्रा0 वि0 गुर्जरो का बास को 99 वर्ष लीज पर की गयी थी। जिसकी प्रस्तावित नक्शे अनुसार हाल सेटलमेंट नक्शें व ऑनलाईन सेग्रीगेशन नक्शें में खसरा नम्बर 142/4 की तरमीम हो रखी है। खसरा नम्बर 142/4 ग्राम बासना की सीमा के लगवा है। उक्त खसरा नम्बर में आंशिक भाग पर प्रार्थीगण के पक्के मकान बने हुए है। अतः पत्रावली का अवलोकन करने व वकील प्रार्थी की बहस का मनन करने पर पाया कि ग्राम गुर्जरो का बास में स्थित भूमि खसरा नम्बर 142/4 रकबा 0.75है0 99 वर्ष लीज पर खेल मैदान हेतु राज0	

Scanned with OKEN Scanner

प्रा0 वि0 गुर्जरो का बास को आंवटित की गई। जो प्रस्तावित नक्शे अनुसार हाल सेटलमेंट नक्शे व ऑनलाईन सेग्रीगेशन नक्शें तरमीम शुदा है। जिसके आंशिक भाग पर प्रार्थीगण का पक्के मकान बने हुऐ। प्रार्थीगण उक्त आंवटित भूमि की तरमीम अन्यत्र करवाना चाहता है। ऐसी स्थिति नक्शें को दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत नही होता है। अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम को खारिज किया जाता है।

निर्णय आज सरे इजलाश सुनाया गया।

पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद पूर्ति दाखिल दफ्तर हों।

Scanned with OKEN Scanner